


नवभारत
इंदौर, बुधवार, 21 जनवरी , 2026


# निगम-मंडल विकास प्राधिकरण में नियुक्तियों को लेकर सियासी हलचल तेज

## सीएम के विदेश से लौटते ही होगी नियुक्तियां, यूडीए अध्यक्ष की कुर्सी पर सस्पेंस, कई दावेदार मैदान में नगर निगम में 6 एल्डरमैन नियुक्त होंगे

**उज्जैन।** 45 साल पुरानी भाजपा को शिखर पर पहुंचने का काम जिन अंतिम पंक्ति के नेता कार्यकर्ताओं ने किया है उन्हें पार्टी देव दुर्लभ कार्यकर्ता बताती है। यही कारण है कि छोटे से छोटे और बड़े से बड़े चुनाव भाजपा लगातार देश प्रदेश में जीतते हुई आ रही है। अब बारी है बीजेपी को अपने नेता कार्यकर्ताओं को उपकृत करने की। ऐसे में निगम मंडल विकास प्राधिकरण में नियुक्तियों को लेकर हलचल तेज हो गई है।

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच इन दिनों निगम-मंडल और विकास प्राधिकरण की नियुक्तियों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चर्चा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेश दौरे से लौटते ही इन नियुक्तियों की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री वरिष्ठ केंद्रीय नेताओं से चर्चा के बाद सूची को फाइनल करेंगे। जिसे लेकर पार्टी संगठन में लंबे समय से प्रतीक्षा बनी हुई थी। इधर नगर निगम में भी छह एल्डरमैन की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए बीस से अधिक भाजपा नेताओं के नामों पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा नगर निगम और अन्य संस्थाओं में विभिन्न समितियों का गठन भी होना है, जिनमें भी उज्जैन के भाजपा नेताओं को स्थान मिलने की संभावना है। पार्टी सूत्रों की मानें तो इन नियुक्तियों में आगामी ढाई साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को भी ध्यान में रखा जाएगा। जिन नेताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था और जिनके पास आने वाले चुनावों के लिए स्पष्ट विजन है, उन्हें प्राथमिकता दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। संगठन के लिए जमीन पर मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी देने की बात कही जा रही है। महाकुंभ सिंहस्थ 2028 को लेकर देश और दुनिया में जिस तरह से उत्सुकता है, उसे देखते हुए भाजपा चाहती है कि उससे पहले उज्जैन में मजबूत नेतृत्व तैयार हो। यही वजह है कि निगम-मंडल और विकास प्राधिकरणों में होने वाली नियुक्तियों को काफी अहम माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में भोपाल से लेकर दिल्ली तक मंथन हो चुका है और शीर्ष नेतृत्व को पूरी जानकारी दी गई है। पिछले करीब दो वर्षों से भाजपा नेता निगम-मंडल नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेश दौरे से लौटने के बाद इस इंतजार के खत्म होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में उज्जैन की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

### सीएम के गृह नगर में सबकी नजर-प्राधिकरण को लेकर उत्सुकता

मुख्यमंत्री का गृह नगर होने के चलते उज्जैन को लेकर सबसे अधिक उत्सुकता दिखाई दे रही है। उत्तर विधानसभा से लेकर दक्षिण विधानसभा तक भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि बड़े पदों पर उज्जैन के नेताओं को प्राथमिकता मिलेगी। इसी वजह से शहर में राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा चर्चा उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद को लेकर है। इस पद के लिए करीब एक दर्जन से अधिक नेताओं के नाम दौड़ में बताए जा रहे हैं। हालांकि पार्टी के भीतर तीन नाम सबसे आगे माने जा रहे हैं, जिन्हें एक नंबर, दो नंबर और तीन नंबर की स्थिति में देखा जा रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आखिर मुख्यमंत्री किस नाम पर भरोसा जताते हैं और विकास प्राधिकरण की कमान किसे सौंपी जाती है।

# हिन्दू महिला को बहला फुसलाकर मुस्लिम युवक ने किया बलात्कार, सर्व हिन्दू समाज ने आरोपी का जुलूस निकालने की मांग की

**घट्टिया।** मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा विधवा हिन्दू महिला को बहला फुसलाकर बलात्कार किया गया। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि मंगलवार को छोटी मायापुरी उज्जैन निवासी फरियादिया उज्जैन आगर रोड पर खिलचीपुर उज्जैन पर पानबिहार छात्रावास में अध्यनरत अपने नाती से मिलने जाने हेतु बैठी थी तभी आरोपित मोहम्मद सफ़ी उर्फ सेफू पिता मंजूर खान मंसूरी उम्र 45 वर्ष निवासी घट्टिया ने महिला को बहला फुसलाकर कर पानबिहार जाने का कहकर अपनी बाइक पर बैठाया व ग्राम ढाबला रेहवारी साहेबखेड़ी तालाब किनारे ले जाकर महिला से बलात्कार किया। आसपास के लोगों ने महिला की आवाज



सुनकर देखा तो महिला को आरोपित के चुंगल से छुड़ाकर घट्टिया थाने पर सूचना दी। भागने का प्रयास कर रहे मुस्लिम युवक को घट्टिया थाना पुलिस ने मोके पर पहुंचकर मुस्लिम युवक को हिरासत में लेकर थाना पहुंची व पीड़िता महिला की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा असहाय महिला से बलात्कार के मामले को लेकर सर्व हिन्दू समाज में आक्रोश व्याप्त है। हिन्दूवादी संगठनों व सर्व हिन्दू समाज के लोगो को थाने पर भीड़ लग गई। हिन्दूवादी संगठनों व सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने आरोपित का जुलूस निकालने की मांग की। पुलिस द्वारा कार्रवाई जारी है।

## जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया

**उज्जैन।** जिला चिकित्सालय चरक भवन की सीवरेज लाइन को दुरुस्त करवाने एवं लिफ्ट के सुचारू संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा मंगलवार को चरक भवन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सीवरेज लाईन को सुधारने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय कर अविलम्ब दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने अस्पताल में लगी लिफ्टों का अवलोकन किया और जो लिफ्ट बंद थी। उन्हें मरम्मत कर शीघ्र चालू करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सीवरेज लाईन का नियमित रूप से रखरखाव करने के निर्देश दिये, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को असुविधा का सामना न करना पड़े। सीएमएचओ ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं औषधियां वितरित करने व साफ सफाई निरन्तर रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री नेहा निर्मल व सहायक अस्पताल प्रबंधक वर्षा चौहान भी उपस्थित थे।

# तड़के करीब 5 बजे ग्रिल तोड़कर बालगृह से भागे 2 नाबालिग

**उज्जैन। देवास रोड स्थित बालगृह से आज तड़के वॉशरूम की ग्रिल तोड़कर दो नाबालिग भाग निकले। बालगृह के कर्मचारियों ने उनकी तलाश शुरू की नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों बालकों की तलाश कर रही है।**

नागझिरी थाना क्षेत्र के लालपुर में शासकीय बालगृह बना हुआ है। जहां बालकों को रखा जाता है। आज सुबह बालगृह के कर्मचारियों ने बालकों की गिनती की तो सामने आया कि दो बालक लापता हैं। जानकारी जुटाने पर सामने आया कि तड़के 5 के लगभग वॉशरूम जाने के लिए अपने कमरे से बाहर निकले थे। कर्मचारियों ने वॉशरूम देखा तो उसकी ग्रिल टूटी होना सामने आई। जहां से दोनों के भागने की जानकारी सामने आते ही उनकी तलाश शुरू की गई। लेकिन कुछ नहीं पता चला सुबह 10.30 बजे के लगभग कर्मचारियों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि एक बालक दिल्ली का रहने वाला है और दूसरा गाजियाबाद का निवासी है। एक तीन माह से और दूसरा 1 वर्ष से बालगृह में रहा रहा था। पुलिस ने आशंका जताई है कि दोनों अपने गृह नगर की ओर भागे होंगे। जिसके चलते रेलवे स्टेशन और देवास गेट बस स्टैंड के साथ नानाखेड़ा क्षेत्र के बस स्टैंड में सर्चिंग की गई वहां लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज भी देखे जा रहे हैं। यह पहला मामला नहीं है जब बालगृह बच्चों के भागने का मामला सामने आया है। पूर्व में भी कई बार यहां के बच्चे भाग चुके हैं। जिन्हें पुलिस उनके गृह नगर से बरामद कर ला चुकी है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई बार सवाल खड़े हो चुके हैं।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंदा

उज्जैन। प्रतिदिन की तरह मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले वृद्ध को अज्ञात वाहन में रौंद दिया। ग्रामीण और परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि सुबह 6 .15 बजे के लगभग मेनरोड पर दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। इस बीच घायल को परिजन और ग्रामीण बड़नगर अस्पताल लेकर रवाना हो गए थे। जांच के दौरान सामने आया कि अज्ञात वाहन ने बनेसिंह पिता रामसिंह राजपूत 90 वर्ष निवासी इंगोरिया को कुचला है। पुलिस घायल की जानकारी जुटा पाती इससे पहले सामना है कि उनकी मौत हो चुकी है। परिजनों से संपर्क करने पर पता चला कि प्रतिदिन की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान दुर्घटना हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सोपा गया है। अज्ञात वाहन की तलाश में मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जा रहे हैं।

### पत्नी और बेटे को ईंट मारकर किया घायल

उज्जैन। रात में शराबी ने पत्नी और बेटे से विवाद कर ईंट से हमला किया। दोनों मां बेटे घायल हो गए। मामला कथा का है जहां से मनीष गंगवाल और उसकी मां संतोष भाई को उपचार के लिए उज्जैन लाया गया है। दोनों के सर और हाथ पैर में चोट होने पर डॉक्टर ने उपचार के लिए भर्ती किया। मनीष ने बताया कि पिता प्रकाश गंगवाल शराब पीने के आदी है और आए दिन घर जाकर विवाद करते हैं रात में भी मम्मी से विवाद कर रहे थे। उसने बी बचाव का प्रयास किया तो घर के बाहर पड़ी ईंट से हमला कर दिया जिसके चलते उसे चोट लगी वही मम्मी भी घायल हो गई। दोनों को खून निकलता देख आसपास के लोग उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए हैं।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण



**उज्जैन।** महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा विंग उज्जैन संभाग द्वारा चामुंडा माता चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभा क्षत्रिय महासभा युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह परिहार, युवा विंग के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अभिषेक सेंगर, अभाक्ष महासभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बलवीर सिंह पंवार व युवा विंग के प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन के माध्यम से महाराणा प्रताप जी को नमन कर युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। आभार कृष्णपाल सिंह परिहार ने माना। कार्यक्रम में संजय सिंह गौड़, डॉ. जीवन सिंह राजपूत, गोविंद सिंह भदौरिया, रूपेश भदौरिया, कृष्णपाल सिंह बैंस व नैतिक बैस उपस्थित रहे।

## मूकबधिर विद्यार्थियों को अल्पाहार वितरण होगा

**उज्जैन।** आजाद हिंद पैनल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रवीर, क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वी जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को आगर रोड तिराहा पर स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर प्रात: 9:30 पर माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात हामूखेड़ी स्थित मूकबधिर एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल के छात्र-छात्राओं को अल्पाहार वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी पैनल के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा एवं सचिव किशोर छाबड़ा ने बताया कि 23 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जावेगा। माल्यार्पण कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया एवं उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं उज्जैन नगर पालिका निगम के महापौर मुकेश टटवाल एवं सभापति कलावती यादव अतिथि होंगे एवं अध्यक्षता उज्जैन उत्तर के पूर्व विधायक एवं पुर्व मंत्री पारस जैन करेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम में अतिथि गणों द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पराक्रम एवं योगदान का स्मरण किया जाएगा। तत्पश्चात प्रात: काल 10:45 पर हामू खेड़ी स्थित मुकबधिर एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच पैनल के पदाधिकारी पहुंचकर अल्पाहार वितरण कर स्वयं भी अल्पाहार करेंगे। आजाद हिंद पैनल युवा इकाई के अध्यक्ष शुभम शर्मा, सचिव अजय अग्रवाल आदि ने राष्ट्रभक्ति नागरिकों से माल्यार्पण एवं अल्पाहार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

# कार में आग लगाने वाला एक नकाबपोश हिरासत में आया

**उज्जैन।** बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने रविवार सोमवार रात व्यवसायी की कार में आग लगा दी। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने पहचान कर एक बदमाश को हिरासत में ले लिया है जिससे पूछताछ कर दूसरे की तलाश की जा रही है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के एलपी भार्गव नगर में गारमेंट और रियल स्टेट व्यवसाय से जुड़े नरेश धनवानी ने अपनी कार क्रमांक एमपी 13 पी 1313 घर के बाहर खड़ी की थी। रात 2.30 बजे के लगभग उनकी कार को आग लगा दी गई थी। दमकल मौके पर पहुंची थी और आग पर काबू पाया। इस दौरान कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आगजनी की सूचना पर माधव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। धनवानी परिवार और आसपास रहने वालों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए, जिसमें आगजनी की पूरी घटना कैद दिखाई दी। दो नकाबपोश दिखाई दिए थे जिनकी पहचान कर तलाश शुरू की गई थी। पुलिस ने एक बदमाश को पहचान कर उसे हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। दूसरा सावन होना सामने आया है जिसकी तलाश जारी है। संभावना है कि आज शाम तक पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने पहले कार का कांच फोड़ा था और उसमें ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई थी पूछताछ के बाद ही खुलासा हो पाएगा की आग लगाने की वजह क्या रही है।

### मंडी में बगैर अनुज्ञा का 135 क्विंटल सोयाबीन पकड़ा

उज्जैन। चिमनगंज कृषि उपज मंडी में एक व्यापारी का बगैर मंडी शुल्क का 135 क्विंटल सोयाबीन पकडा गया था। मामले में काफी देर विवाद की स्थिति बनने के बाद देर शाम को मंडी प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए मंडी अनुज्ञा शुल्क के साथ जुमार्ना वसूला गया है। मंडी प्रशासन को इससे 34 हजार से अधिक राशि की आय हुई है। मंडी प्रशासन के सहायक निरीक्षक प्रीतम सिंह चौधरी के अनुसार सोमवार दोपहर उपरांत मारूति गतिमान नामक फर्म पर वाहन में 135 क्विंटल सोयाबीन लाया गया था। वाहन को मंडी में लाने के दौरान गेट पर तैनात कर्मचारी को गफलत में डाला गया था। इसकी जानकारी लगने पर मंडी में वाहन की ढूंढ कर कार्रवाई की गई। वाहन फर्म के सामने खड़ा होना सामने आया। इस पर फर्म पर जाकर संबंधित वाहन एवं सोयाबीन की अनुज्ञा की जानकारी लेने पर सामने आया कि बगैर अनुज्ञा ही सोयाबीन लाया गया था। व्यापारी का कहना था कि उसने किसानों से खरीदा है लेकिन वह सौदा पत्र भी नहीं दे पाया। इस पर वाहन को सोयाबीन सहित मंडी कार्यालय लाया गया था। यहां पर मंडी नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए अनुज्ञा शुल्क की 5गुना राशि सहित 5 हजार रुपए जुर्माना सहित कुल 34 हजार 484 रुपए की वसूली कर रसीद काटी गई।

## एक नजर में



### गूंजे धार्मिक भजन, शेर शायरियां सुनाई

**उज्जैन।** बम्बाखाना व्यापारी एसोसिएशन का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रतिष्ठानो के व्यापारी बन्धुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण शर्मा ने की। संचालन सभापति अशोक माहेश्वरी ने किया। सचिव मुकेश जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के धार्मिक भजनों के साथ शुरू किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने शेर शायरियां सुना कर मौज मस्ती के साथ भरपूर आनंद लिया इसके पश्चात सभी ने साथ में भोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, भाजपा पार्षद रजत मेहता रहे। विशेष अतिथि अभिषेक शर्मा, बबलू खिच्ची, दीपेश जैन, दिनेश कटारिया, गिरीश चौहान थे। मल्होत्रा रिसोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित व्यापारिक सदस्य पंकज छाजेड़, विजय आलवानी, बाबूलाल नामदेव, प्रदीप कटारिया, हरीश मेघानी, मनोज लुधरानी, पटवाली, मनोज जैन, राजेश साहू, श्याम नामदेव, घनश्याम खत्री, अजय खत्री, घनश्याम, हरीश, स्वप्निल सुराणा, अंश शर्मा आदि उपस्थित रहे और अंत में आभार कोषाध्यक्ष विजय पाटोदी ने माना।



### 11 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**उज्जैन।** श्रीरसागर स्टेडियम में पार्षद ट्रॉफी 2026 के अंतर्गत स्व. रामसिंह मण्डलोई की स्मृति में 11 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं। जिनके बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। वार्ड नंबर 12 के पार्षद छोटेलाल मण्डलोई ने बताया कि इस टूर्नामेंट का आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से किया गया है। टूर्नामेंट का शुभारंभ स्व. रामसिंह मण्डलोई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात मैदान पर राष्ट्रीय गीत गाया गया और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी तथा विशेष अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष रवि राय उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में विजेता चार टीमों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संचित शर्मा, अभिषेक लाला, चंचल टैंक, राकेश राजावत, खान साहब, भाई दुर्गेश माली, बाबू भाई सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### गमले में फूलों के पौधे लगाए

**उज्जैन।** बालकों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भविष्य उज्जवल बनानें का दायित्व सभी जिम्मेदार नागरिकों का है। बालगृह के सभी बच्चो का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए रोटरी क्लब उज्जैन हमेशा तत्पर रहेगा। उक्त विचार रोटरी क्लब उज्जैन के अध्यक्ष रोटेरियन ईश्वरचंद दुबे द्वारा बालगृह में आयोजित सभा में बच्चों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा बाल गृह के फर्नीचर रिपेयरिंग करवाये गये। इसके पूर्व बालगृह के अधीक्षक एवं स्टॉफ ने रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोट ईश्वर चंद्र दुबे, रवि प्रकाश लंगर एवं धीरेंद्र रैना सहित सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान रवि प्रकाश लंगर ने अपने उद्बोधन में रोटरी द्वारा किए गए कार्यों एवं बच्चों के भविष्य के बारे में चर्चा की। इस मौके पर प्रभारी अधीक्षक लोकेंद्र सोलंकी, अनिता शर्मा शिक्षिका, बाल कल्याण समिति सदस्य प्रीति गोयल, विनीता कासलीवाल मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका सलोनी जादौन ने किया एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन पश्चात अतिथियों द्वारा गमले में फूलों के पौधे लगाए।

### अभिनेता श्रीकांत ने की महाकाल की भस्मारती

**उज्जैन।** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता मेका श्रीकांत मंगलवार तड़के चार बजे महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। नंदी हॉल से उन्होंने आरती देख व जाप किया। आरती बाद उन्होंने महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया व जल चढ़ाया।



**धर्म** संध्या आरती में जल रही दीप मालिकाएं, दर्शन के लिए उमड़ रहे भक्तजन

# माघ की गुप्त नवरात्रि, हरसिद्धि में रोज हो रहे हवन-पूजन व श्रृंगार, श्रद्धालुओं का तांता



**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** माघ मास की गुप्त नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। उज्जैन के शक्तिपीठ हरसिद्धि माता मंदिर में प्रतिदिन संध्या के समय दीपमालिकाएं प्रज्ज्वलित की जा रही है। नौ दिनों तक माता की गुप्त आराधना, पूजा, जप-तप आदि अनुष्ठान किए जाएंगे। प्रसिद्ध गढ़कालिका, भूखी माता, चौबीस खंभा माता, चामुंडा माता, नगरकोट की माता आदि प्राचीन मंदिरों में गुप्त नवरात्रि में श्रद्धालु अपनी अपनी मनोकामना से पंडितों व पुजारियों के जरिए गुप्त पूजा-अनुष्ठान करा रहे है। हरसिद्धि मंदिर के पुजारी रजत गिरि गोस्वामी ने बताया कि प्रतिदिन देवी का अभिषेक-पूजन कर आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। पंडितों द्वारा मंदिर प्रांगण में दुर्गा सप्तशती के पाठ व यज्ञ आदि भी किए जा रहे हैं।

### परमानंद पुरी महाराज की पुण्यतिथि पर 11 ब्राह्मणों ने किया अभिषेक



शिप्रा तट स्थित अति प्राचीन दत्त अखाड़ा में मंगलवार को ब्रह्मलीन श्री श्री 108 पीर परमानंद पुरी जी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर अखाड़ा के वर्तमान गादीपति सुंदर पुरी महाराज के सानिध्य में 11 ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक-पूजन किया। अखाड़े के पं. लोकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजन रमता पंच के महंत आनंद पुरी महाराज ने संपन्न करवाया। इसके पश्चात आरती कर भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें समस्त अखाड़ों के संत, महंत व महामंडलेश्वरों एवं भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री एवं जूना अखाड़ा के संरक्षक महंत हरि गिरि महाराज, हीरा पुरी महाराज जयपुर, महंत मोहन भारती महाराज, रामेश्वर गिरि महाराज, विद्या भारती महाराज, महामंडेश्वर ज्ञान दास महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, बटुकशंकर जोशी, जगदीश पांचाल, गिरीश शास्त्री, जियालाल शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जल सुनवाई में घरों का पानी लेकर लोग पहुंचे

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव के निर्देशानुसार नागरिकों की पेयजल संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार 20 जनवरी को शहर के 09 स्थलों जिसमें जुना सोमवारिया टंकी, महाश्वेता नगर टंकी, इंदिरा नगर टंकी, देवास गेट टंकी, त्रिवेणी विहार टंकी, छत्रपति शिवाजी भवन, नगर निगम कोयला फाटक, कलेक्टोरेट कोठी रोड, सिंधी कॉलोनी टंकी, वृन्दावन पूरा टंकी पर जल सुनवाई का आयोजन प्रात: 11 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक किया गया।

जिसमें कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 7 लीकेज संबंधित, 6 नवीन पाइपलाइन डालने संबंधित, 3 गंदे पानी संबंधित, 3 नल नहीं आने, कम प्रेशर संबंधित, 2 हैंडपंप संबंधित, 1 पानी जांच संबंधित, 2 टंकी संबंधित रही जिसका निश्चित समय अवधि में समाधान किया जाएगा।



जल सुनवाई में समस्याओं का निवारण किया जा रहा है जिसमें पेयजल लीकेज से संबंधित समस्याएं, नल कनेक्शन से संबंधित समस्याएं, बोरवेल से संबंधित समस्याएं, हैंडपंप से संबंधित समस्याएं, जल नमूना संग्रह पानी की गुणवत्ता जांच के लिए शिविर में क्षेत्र के नागरिक अपने घरों का पानी लेकर शिविर में पहुंचे। जिसमें जांच करने पर पानी शुद्ध क्लोरीन युक्त पाया गया। रहवासियों द्वारा भी कहा गया कि घरों में साफ-स्वच्छ जल सप्लाई हो रहा है साथ ही पीएचई के अधिकारी घर-घर पहुंचकर पानी की टेस्टिंग करते हुए सैंपल भी ले रहे हैं। इस दौरान जल सुनवाई में जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, दिलीप परमार, घनश्याम गौड़ एवं पीएचई के अधिकारी उपस्थित रहे।